देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
NST नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स
शानदार 32वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

अप्रैल-2026, अंक-10
न्यूज मैगजीन
मूल्य ₹25



TATA IPL

**क्रिकेट** का महाकुंभ बना बिजनेस का सुपर पॉवर

**चिन्नस्वामी** की 11 सीटें अब कभी किसी के लिए नहीं भरेगी

**आईपीएल** का नया सितारा अनिकेत वर्मा

**MPL 2026 विशेष**
सेंटर पेज स्टोरी

**अमेरिका** और ईरान 'एक और युद्ध' फुटबॉल के नाम पर लड़ रहे हैं

**भारत** को मिली वर्ल्ड इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी

**हर** साल राष्ट्रीय खेल पुरस्कार किसी न किसी विवाद में रहते हैं...

## सेन का 'लक्ष्य'
विश्व नंबर एक बनना

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज
विश्व तीरंदाजी संघ ने शीतल को 'साल 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज' चुना है।

# सुपरब शीतल

आरएनआई नंबर: 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 4 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख
Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com Website: nationalsportstimes.org

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2024-26

■ वर्ष-32 ■ अंक-10 ■ क्रमांक-306 ■ अप्रैल-2026 ■ मूल्य-25 रूपये



## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| प्रबंध संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | मयूरी मौर्य |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहरे |
| फोटो जर्नलिस्ट | : | मनीष शुक्ला |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- अरुण भगोलीवाल
- आशीष पाण्डे
- शांति कुमार जैन
- समीर मिरीकर
- सुशील सिंह ठाकुर
- राजीव सक्सेना
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मोहम्मद ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, अनुराग मिश्रा, अमरनाथ, मो. अफरोज, दीपक शर्मा, आत्माराम भाटी।



## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com


फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय


## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।



खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।




34 फीफा विश्व कप फुटबॉल

## अमेरिका और ईरान 'एक और युद्ध' फुटबॉल के नाम पर लड़ रहे हैं

## अंदर के पन्नों पर


| | |
|---|---|
| पोलियो का मात देती ताइक्वांडो खिलाड़ी | 07 |
| हॉकी विश्व कप कार्यक्रम | 08 |
| साक्षात्कार : कुलदीप वेदवान | 11 |
| आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम | 13 |
| आईपीएल 2026 के नए नियम | 15 |
| आईपीएल का नया सितारा | 16 |
| आर्यमान बिड़ला की चमक | 19 |
| आईपीएल की ब्रांड वैल्यू | 21 |
| विदेशी टी20 लीग | 26 |
| भारत को मिली इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी | 36 |
| राष्ट्रीय खेल पुरस्कार... | 38 |
| सेन का 'लक्ष्य' विश्व नंबर एक बनना | 42 |



**Website: www.nationalsportstimes.org**

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

आज ही अपनी प्रति बुक कराएं...







## नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

### घर बैठे कैसे पाएं

आपको सिर्फ इतना करना है कि आप इस कूपन को भरकर भेजें और नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खुद चलकर आपके घर दस्तक देगा।

मैं ........................................ नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स का वार्षिक सदस्य बनना चाहता/चाहती हूं। वार्षिक शुल्क 300 रुपए, दो वर्ष के लिए 600 रुपए (50 रुपए की छूट), तीन वर्ष के लिए 900 रुपए (80 रुपए की छूट), पांच वर्ष के लिए 1500 रुपए (100 रुपए की छूट) एवं आजीवन सदस्यता 15,000 रुपए मनीआर्डर या नगद ................ से भेज रहा हूं।

पूरा पता ..........................................................

..........................................................

मो. ........................... ईमेल..............................

**नोटः** *मनीऑर्डर या नगद राशि नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के नाम से भेजें। *आपकी सदस्यता राशि प्राप्त होने के अगले माह से पत्रिका के अंक नियमित रूप से भिजवाए जाएंगे। *पत्रिका केवल डाक द्वारा ही भेजी जाएगी। *किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

पत्रिका प्राप्त करने के लिए इस पते पर संपर्क करें: ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंस, जेके रोड, भोपाल-462023 (मप्र)

E-Mail: nationalsportstimes@yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोनः 0755-4218892, मोबाइलः 09425025727



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# आईपीएल के साथ ही भारत की विश्व कप तैयारी शुरू

**28** मार्च को आईपीएल 2026 का तड़का लगते ही वनडे क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट आईसीसी विश्व कप 2027 सुर्खियों में आ गया है। इस आयोजन को लेकर चयनकर्ता भी एकजूट हो गए हैं। टूर्नामेंट अक्टूबर-नवंबर 2027 में खेला जा सकता है। इस बार मेजबानी की जिम्मेदारी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया के पास होगी। खास बात यह है कि इस एडिशन में 14 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 54 मैच खेले जाएंगे। लेकिन यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि कई कहानियों, रणनीतियों और बदलावों का संगम बनने वाला है, खासकर टीम इंडिया के लिए। बीसीसीआई अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले टीम को ज्यादा से ज्यादा मैच प्रैक्टिस देने के मूड में है। इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और श्रीलंका जैसे बोर्ड ने भारत से मौजूदा द्विपक्षीय सीरीज में वनडे मैचों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया है। इससे भारत को अच्छी तैयारी का मौका मिलेगा जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे। दोनों दिग्गज अब सिर्फ वनडे प्रारूप में खेलते हैं।

2026 में टीम इंडिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। आईपीएल के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज खेली जाएगी। फिर इंग्लैंड दौरा होगा, जहां वनडे मैचों की संख्या बढ़ने की संभावना है। आयरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ भी मुकाबले बढ़ सकते हैं। श्रीलंका बोर्ड भी भारत के साथ टेस्ट सीरीज में लिमिटेड ओवर मैच जोड़ने की कोशिश कर रहा है। साफ है कि 2027 से पहले भारत लगातार 50 ओवर क्रिकेट पर फोकस करेगा। एक बड़ा बदलाव यह है कि अब टीम इंडिया की वनडे कप्तानी शुभमन गिल के हाथों में है। यानी 2027 विश्व कप में भारतीय टीम नए नेतृत्व और अनुभवी खिलाड़ियों के कॉम्बिनेशन के साथ उतर सकता है।

टीम की कप्तानी अब गिल के पास है, लेकिन रोहित शर्मा के लिए 2027 विश्व कप बेहद खास रहेगा। हाल ही में हुए आईसीसी के एक कार्यक्रम में रोहित ने कहा था 2027 उनके करियर का बड़ा मिशन होगा। वे कहते हैं कि मैं 50 ओवर का विश्व कप देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वही सबसे बड़ा मंच था। मैं सच में वह ट्रॉफी चाहता हूं और उसके लिए अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा। मैं वहां जाकर अपने देश के लिए विश्व कप जीतना चाहता हूं। रोहित शर्मा और विराट कोहली अपने करियर के अहम पड़ाव पर हैं। दोनों टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और माना जा रहा है कि वनडे विश्व कप 2027 के बाद इस प्रारूप को भी अलविदा कह देंगे। ऐसे में दोनों देश के लिए किसी भी सूरत में ट्रॉफी जीतना चाहेंगे।

इस पूरी तैयारी के बीच चयन समिति भी चर्चा में है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने अपना कार्यकाल 2027 विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। उनके कार्यकाल में भारत ने टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। वहीं, टीम का सीमित ओवर में शानदार रिकॉर्ड रहा है। हालांकि, टेस्ट प्रदर्शन को लेकर सवाल भी उठे हैं, इसलिए बोर्ड अभी इस पर विचार कर रहा है। लेकिन एक बात साफ है कि वनडे विश्व कप 2027 को लेकर चयनकर्ताओं की नजरें आईपीएल और आने वाले अन्य सीरिजों पर लगी रहेगी।

## विशेष

# अपने जज्बे से पोलियो को मात देती ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना

**बेंगलुरु** के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।



इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया।

सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया। ताइक्वांडो से पहले वह टेबल टेनिस में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और आर्म रेसलिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं। उनकी यह यात्रा आर्थिक कठिनाइयों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच निरंतर अभ्यास की मिसाल है। सपना का मानना है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो शारीरिक बाधाएं सफलता का रास्ता नहीं रोक सकतीं। सपना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को देती हैं। वह किसी अन्य के बजाय अपनी खुद की जिंदगी और संघर्षों को अपना रोल मॉडल मानती हैं। उनके परिवार में पति संजय वर्मा और बेटी हनाया हैं, जो उनके इस कठिन सफर में हमेशा साथ खड़े रहे हैं।